दिन– बुधवार दिनांक– 25 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. आज संविधान हत्या दिवस है। आपातकाल के दौरान पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेशभर में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने इस वर्ष जून महीने से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि चार सौ रूपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये करने की मंजूरी दी।

03. बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये निर्वाचन आयोग ने आज से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की घटनाओं में सात लोगों की मौत।

———————————————————————

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन भी है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल को याद करते हुये कहा कि संविधान हत्या दिवस लोकतंत्र को मजबूत करने का एक अवसर है। श्री धनखड़ मुजफ्फरपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण से प्रेरणा लेनी चाहिए।

———बाइट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पटना में एक कार्यक्रम में कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोगों के संवैधानिक अधिकारों को हनन हुआ।

———बाइट———

इधर, कला संस्कृति और युवा विभाग की ओर से संविधान हत्या दिवस के अवसर पर एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, प्रदेश भाजपा की ओर से भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत दी जाने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस वर्ष जून महीने से ही लाभुकों को बढ़ी हुई पेंशन राशि मिलेगी। पहले यह राशि चार सौ रूपये थी, जिसे बढ़ाकर एक हजार एक सौ रूपये किया गया है।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने सभी पंचायतों में विवाह भवन निर्माण कराने का भी निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को मंजूरी प्रदान की गयी है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने कुछ छियालीस प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित सहायक वास्तुविदों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये आज से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया है। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी मतदाता के सत्यापन के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, लगातार पलायन, युवा नागरिकों का वोट देने के योग्य होना, मौतों की सूचना न देना और विदेशी अवैध प्रवासियों के नाम शामिल होने जैसे विभिन्न कारणों से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता पड़ी है। इस प्रक्रिया के दौरान बूथ लेवल अधिकारी मतदाता के सत्यापन के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे। आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करके इस प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी की मांग की है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने सरोगेसी प्रक्रिया की निगरानी के लिए बोर्ड का गठन किया है। बोर्ड के गठन होने के बाद राज्य में सरोगेसी प्रक्रिया को कानूनी मान्यता मिल गयी है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में गठित इस बोर्ड में बारह सदस्य हैं। केन्द्र सरकार द्वारा दो हजार इक्कीस में पारित एआरटी कानून के आलोक में इस बोर्ड का गठन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह बोर्ड सरोगेट माँ, संबंधित दम्पति और चिकित्सकों के अधिकारों की सुरक्षा करेगा। साथ ही भ्रूण व्यापार और महिलाओं का शोषण को रोकेगा। सरोगेसी के मामले में बोर्ड लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही उन्हें नैतिक और कानूनी विकल्प की जानकारी भी देगा।

——————————————————————————

पासपोर्ट सत्यापन के मामले में बिहार पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य पुलिस बलों में चुनी गयी है। विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट सेवा परियोजना सम्मेलन में बिहार पुलिस को प्रतिष्ठित सर्टिफिकेट ऑफ रेकग्नेशन पुरस्कार प्रदान किया गया।

——————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। समस्तीपुर जिले में दो जबकि वैशाली, औरंगाबाद, गया, बक्सर और नवादा जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

——————————————————————————

अब खबरें खेल जगत से......

सारण के गरखा में आयोजित बिहार राज्य स्तरीय अंडर एटीन बालक कबड्डी प्रतियोगिता में पटना की टीम विजेता बनी है। पटना ने लखीसराय को पैंतालीस–बयालीस से पराजित किया।

बेगूसराय के बरौनी में खेले जा रहे एसएम मोईनुल हक फुटबॉल ट्रॉफी के सेमीफाईनल में पूर्वी चम्पारण की टीम ने जगह बना ली है। पूर्वी चम्पारण ने जमालपुर रेल को तीन–एक से पराजित किया।

कोलकाता में आयोजित नेशनल स्पीड स्कैटिंग प्रतियोगिता में बिहार के खिलाड़ियों ने अठारह पदक अपने नाम किये। इसमें चार स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

———————————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

श्रम संसाधन विभाग ने पटना के मसौढ़ी के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी शक्ति कुमार को अनियमितता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

बांका जिले के धोरैया–नवादा मुख्य मार्ग पर दो मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————————————

मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा में जहरीला फल खाने से पन्द्रह बच्चे बीमार हो गये। इन सभी का कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के एफसीआई थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार सौ सत्तर लीटर प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत गेड़ाबाड़ी स्थित एक मंदिर से चोरों ने चार प्राचीन मूर्तियां चुरा ली। चुराई गयी मूर्तियों का बाजार मूल्य करोड़ों रूपये बताया जाता है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– राज्य की हर पंचायत में पचास लाख रूपये से बनेंगे विवाह भवन, राज्य मंत्रिपरिषद ने चार हजार छब्बीस करोड़ रूपये मंजूर किये।

प्रभात खबर ने लिखा है– एक दशमलव एक– एक करोड़ को ग्यारह सौ रूपये समाजिक सुरक्षा पेंशन इसी माह से।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बिहार विधानसभा का चुनाव अक्टूबर के पहले हफ्ते में हो सकता है घोषित।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– साठ दिनों में नौ बार बिहार आयेंगे पीएम– मोदी। हर मंडल में जनसभा होगी।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– लालू प्रसाद फिर बने आरजेडी अध्यक्ष।

आज अखबार की सुर्खी है– अगले महीने से महंगा हो सकता है ट्रेन का सफर।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. आज संविधान हत्या दिवस है। आपातकाल के दौरान पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदेशभर में हो रहा है विशेष कार्यक्रमों का आयोजन।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने इस वर्ष जून महीने से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की राशि चार सौ रूपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये करने की मंजूरी दी।

03. बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये निर्वाचन आयोग ने आज से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की। पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की घटनाओं में सात लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।